रजिस्ट्री सं० डी—(डी)—73

REGISTERED NO. D—(D)—73

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 12] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 21, 1981 (फाल्गुन 30, 1902)

No. 12] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 21, 1981 (PHALGUNA 30, 1902)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	275
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	335
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाए	—
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई, अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	355
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक और विधेयक संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	*
भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिसमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) .	*
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	*
भाग III—खण्ड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	3775
भाग III—खण्ड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	149
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	25
भाग III—खण्ड 4—विविक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	931
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	47

* पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

GI/80

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	275
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	335
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	355
PART II—SECTION 1.—Act, Ordinances and Regulations.	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	*
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	3775
PART III—SECTION 2.—Notification and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	149
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	25
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	931
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	47

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions Issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 12 मार्च 1981

संकल्प

ऊर्जा विकास के लिये अत्यावश्यक है। हाल के वर्षों में तेल की कीमत में महत्वपूर्ण और लगातार वृद्धि हुई है और गारंटीशुदा और पक्के आधार पर उसकी उपलब्धता के बारे में भी अनिश्चितता रही है। भुगतान-शेष की स्थिति पर तो इन सब बातों का असर पड़ा ही है, अर्थव्यवस्था के अन्य पहलुओं जैसे कि परिवहन, उद्योग, कृषि और घरेलू उपयोग की वस्तुओं पर भी इसका गंभीर असर पड़ा है। इसलिये यह आवश्यक है कि देश ऊर्जा में यथाशीघ्र आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के काम में जुट जाए। इस सन्दर्भ में यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भारत में ऊर्जा के देशी स्रोतों को विकसित किया जाए। परम्परागत स्रोतों से ऊर्जा अधिक मात्रा में प्राप्त करने के लिये वृहत प्रयास अपेक्षित है, अर्थात् जल विद्युत्, कोयला और परमाणु ऊर्जा का अधिक विकास किया जाए और देश में तेल के उत्पादन में वृद्धि की जाए। इसके अलावा विकेन्द्रीकृत और ग्रामीण क्षेत्रों की ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये तथा साथ ही कतिपय संभावित औद्योगिक उपयोगों के लिए, सौर पवन और जैव मात्रा (बायो-मास) जैसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विशेष महत्व रखते हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यक्रमों के अन्तर्गत इन ऊर्जा स्रोतों का दोहन करने के लिये अनुसंधान और विकास की एक अच्छी-खासी बुनियाद बन चुकी है। अब इन नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के द्रुत विकास के लिये एक वृहत् और लगातार प्रयास आरम्भ करने के लिये सही समय है। इसके लिये यह जरूरी है कि इस क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का विकास करने के लिये अनुसंधान और विकास संबंधी प्रयासों को गहन किया जाए तथा पहले से ही विकसित हुई अथवा विकसित की जा रही प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक दोहन के लिये जागरूकता के साथ उपाय किये जायें।

2. ऊर्जा की आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की प्राप्ति की गति को तेज करने के लिये ऊर्जा के नये और नवीकरणीय स्रोतों के क्षेत्र में सु-समन्वित प्रयास के लिये सांस्थानिक व्यवस्था करना भी आवश्यक होगा। अतः भारत सरकार सभी अनावश्यक प्रतिबन्धों और अनावश्यक कठोर नियमों से मुक्त एक रचनातंत्र की स्थापना करना आवश्यक समझती है जिसे नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विकास के सम्पूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी जाए।

3. सावधानीपूर्वक विचार करने के पश्चात् भारत सरकार ने, संपूर्ण कार्यकारी और वित्तीय शक्तियों से संपन्न एक अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत आयोग (सी० ए० एस० ई०) की स्थापना करने का निर्णय लिया है।

4. गठन

(क) अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत आयोग में पूर्णकालिक और/या अंशकालिक सदस्य होंगे। कुल सदस्य संख्या चार से कम और सात से अधिक नहीं होगी।

(ख) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव, भारत सरकार, आयोग का अध्यक्ष होगा।

(ग) सचिव, विद्युत् विभाग तथा वित्त मंत्रालय का एक सचिव, आयोग के सदस्य होंगे।

5. कार्य :

आयोग पर निम्नलिखित का उत्तरदायित्व होगा—

(क) नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विकास के लिये नीतियां और कार्यक्रम निर्धारित करना;

(ख) नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की अनुसंधान और विकास गतिविधियों को समन्वित और गहन करना;

(ग) नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के सभी मामलों से संबंधित सरकार की नीतियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना; और

(घ) आयोग का बजट तैयार करना।

6. संसद् द्वारा अनुमोदित बजट प्रावधानों की सीमाओं के अंतर्गत आयोग को अपना कार्य करने के लिये भारत सरकार के समान प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां प्राप्त होंगी।

7. अध्यक्ष

(क) नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से संबंधित नीति विषयक मामलों पर सरकार को सलाह देने और तकनीकी प्रश्नों से संबंधित निर्णय लेने की जिम्मेदारी अध्यक्ष की होगी। नीति और सहबद्ध मामलों से संबंधित आयोग की सिफारिशें अध्यक्ष के माध्यम से प्रधान मंत्री को प्रस्तुत की जाएंगी।

(ख) अध्यक्ष, आयोग के अन्य सदस्यों के सुझावों को नामंजूर कर सकता है सिवाए इसके कि वित्त सदस्य को यह कहने का अधिकार होगा कि, जिस वित्तीय मामले पर वह अध्यक्ष से सहमत न हो, उसे प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री को भेजा जाए।

(ग) अध्यक्ष, उन सामान्य अथवा विशेष आदेशों के अध्यधीन जो वह समय-समय पर जारी करेगा, निर्णय लेकर अपनी कुछ शक्तियों और जिम्मेदारियों का प्रयोग करने के लिये आयोग के किसी भी सदस्य को प्राधिकृत कर सकेगा।

8. आयोग को अपने कार्यविधि नियम स्वयं बनाने का अधिकार होगा। उसकी बैठकें भारत में अध्यक्ष द्वारा नियत किये जाने वाले समय और स्थानों पर होंगी।

9. आयोग द्वारा निभाई जाने वाली प्रमुख जिम्मेदारियों की सूची उपाबंध में उल्लिखित है।

10. आयोग के सदस्य निम्नलिखित नामित किये गये हैं:

अध्यक्ष

*प्रो० एम० जी० के० मेनन,
सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

सदस्य

*1. श्री डी० वी० कपूर,
सचिव, विद्युत् विभाग

*2. श्री वी० बी० ईश्वरन्,
सचिव, व्यय विभाग

*3. डा० ओ० पी० गौतम,
महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्

4. श्री ए० एम० थामस, अध्यक्ष,
खादी और ग्रामीण उद्योग आयोग

सचिव

*श्री महेश्वर दयाल, सलाहकार,
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

*पदेन

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों और अन्य सभी संबंधितों को भेजी जाए।

आर० परमेश्वर, संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 10 फरवरी 1981

सं० यू०-1/251.1/14/80—भारत सरकार के आमंत्रण पर और वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय (साइट्स) के पक्षकारों द्वारा उसके स्वीकार कर लिये जाने पर, सम्मेलन की तीसरी बैठक 25 फरवरी से 8 मार्च, 1981 तक नई दिल्ली में होगी।

और जबकि, वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय (साइट्स) के पक्षकारों के सम्मेलन की तीसरी बैठक की व्यवस्था के बारे में भारत सरकार और साइट्स सचिवालय के बीच 15-1-1981 को एक समझौता-ज्ञापन सम्पन्न हुआ;

अतः अब संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार व उन्मुक्तियां) अधिनियम, 1947 (1947 का 46) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार इसके द्वारा घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की अनुसूची में उल्लिखित प्रावधान संलग्न समझौता ज्ञापन को प्रवृत्त करने के लिये यथावश्यक परिवर्तनों सहित वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अभिसमय के पक्षकारों और इसके प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के सम्मेलन की तीसरी बैठक के संबंध में लागू होंगे।

समझौता ज्ञापन

3 मार्च, 1973 को वाशिंगटन, डी० सी० में स्वीकृत और 1 जुलाई, 1975 से प्रवृत्त, वन्य प्राणी एव वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियो के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय के अनुच्छेद-ग्यारह के अनुपालन में साइट्स पक्षकारों के सम्मेलन की नियमित बैठक के तौर पर, यह बैठक आयोजित की जा रही है। नई दिल्ली में 25 फरवरी, से 8 मार्च, 1981 तक वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों से सम्बद्ध अभिसमय के पक्षकारों के सम्मेलन की तीसरी बैठक (जिसे आगे "बैठक" कहा जाएगा) में भाग लेने के लिये भारत सरकार के आमंत्रण को पक्षकारों के सम्मेलन द्वारा स्वीकार कर लिये जाने पर, भारत सरकार (जिसे आगे "सरकार" कहा जाएगा) और साइट्स सचिवालय इस प्रकार सहमत होते हैं :—

I. भाग लेना :—

(क) साइट्स पक्षकारों का प्रतिनिधित्व, समुचित रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा;

(ख) संयुक्त राष्ट्र संघ, इसकी विशेषज्ञ एजेंसियों और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी और किसी ऐसे राज्य, जो कि अभिसमय का पक्षकार नहीं है, का प्रतिनिधित्व प्रेक्षकों द्वारा किया जा सकता है, जिन्हें बैठक में भाग लेने का हक तो होगा, परन्तु वे मतदान नहीं कर सकेंगे;

(ग) निम्नलिखित वर्गों के वन्य जन्तु समूह व वनस्पति के बचाव, संरक्षण या प्रबन्ध में तकनीकी योग्यताप्राप्त निकायों या एजेंसियों, जिन्होंने सम्मेलन की बैठक में प्रेक्षकों द्वारा अपने प्रतिनिधित्व की इच्छा के बारे में सचिवालय को सूचित किया है, को प्रवेश की अनुमति होगी, बशर्ते कि मौजूद पक्षकारों की कम से कम एक तिहाई संख्या इस पर आपत्ति नहीं उठाती;

(i) सरकारी या गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों का निकाय और राष्ट्रीय सरकारी एजेंसियां और निकाय; तथा

(ii) राष्ट्रीय गैर-सरकारी एजेंसियां या निकाय, जिनका अनुमोदन उस राज्य द्वारा इस प्रयोजन के लिये किया गया है, जहां वे हैं। एक बार प्रवेश पा लेने वाले इन प्रेक्षकों को बैठक में भाग लेने का अधिकार होगा, परन्तु वे मतदान नहीं कर सकेंगे।

II. परिसर, उपस्कर, जनोपयोगी सेवाओं और लेखन सामग्री की सप्लाई :

सरकार, दिल्ली में बैठक के आयोजन के लिये आवश्यक स्थान और अन्य सुविधाओं की, अपने खर्च पर व्यवस्था करेगी। बैठक के परिसर और सम्बद्ध सुविधाओं की सूची, "समझौता-ज्ञापन" से संलग्न अनुबंध I में दी गई है। सरकार, प्रेस और अन्य सूचना माध्यमों के लिये स्थान और सभी आवश्यक उपस्कर की भी व्यवस्था करेगी।

2 यह परिसर पूरी बैठक के दौरान "साइट्स" सचिवालय के सुपुर्द रहेगा और अगर बैठक से सम्बद्ध काम की तैयारी के लिये और उसे निपटाने के लिये इससे पहले और बाद में भी अगर "साइट्स सचिवालय को जरूरत होगी तो उतनी अवधि के लिये भी सरकार के परामर्श से वह इस परिसर को रख सकेगा।

3. सरकार, बैठक के प्रभावकारी संचालन के लिये, समझौता ज्ञापन के अनुबंध-I में सूचीबद्ध सभी उपर्युक्त कमरों और कार्यालयों के साज-सामान की व्यवस्था और रख-रखाव अपने खर्च पर करवाएगी।

4. सरकार, बैठक के प्रभावकारी संचालन के लिये अपने खर्च पर मीमियोग्राफ, अन्य डुप्लीकेटिंग और फोटो कापीइंग मशीनों, अपेक्षित भाषाओं के की-बोर्डों सहित टाइपराइटरों, टेपरिकार्डरों और समझौता ज्ञापन के अनुबंध-I में सूचीबद्ध अन्य आवश्यक उपकरण की व्यवस्था और देख-रेख करेगी।

5. सरकार, अपने खर्च पर बैठक के लिये स्टैप्लरों, ऐशट्रेयों, कैंचियों, रद्दी की टोकरियों, पत्र खोलने वाले उपस्कर, डेस्क कलेंडरों, फ्लाटिंग पैडों आदि जैसी आवश्यक और स्थायी कार्यालय सामग्री की भी व्यवस्था करेगी।

6. सरकार, बैठक के परिसर में बैंक, डाकघर, टेलीफोन, तारघर, यात्रा-सुविधाओं, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं, कैफेटेरिया रेस्तरां और बहुभाषी सूचना सेवाओं की भी व्यवस्था करेगी। बैठक में आमंत्रित और प्रविष्ट लोगों के बैठने की भी व्यवस्था की जाएगी।

7. सरकार, नई दिल्ली में बैठक के सचिवालय की टेलीफोन संचार व्यवस्था तथा उसके और मोंट ब्लैक स्थित साइट्स सचिवालय तथा न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रधान कार्यालय के बीच टेलेक्स और टेलीफोन द्वारा सभी प्राधिकृत सरकारी संचार व्यवस्था सहित सभी आवश्यक उपयोगी, सेवाओं के इस्तेमाल पर होने वाले खर्च को वहन करेगी।

8. साइट्स बैठक के कार्य के लिये सभी आवश्यक लेखन सामग्री और स्टेंसिलों तथा दस्तावेजों की प्रतियां तैयार करने के लिये आवश्यक कागज की व्यवस्था, अपने खर्च पर करेगा। सरकार, मोंट ब्लैक या न्यूयार्क से नई दिल्ली और नई दिल्ली से मोंट ब्लैक या न्यूयार्क तक इस सामग्री के परिवहन और उसके जहाज में भेजे जाने संबंधी बीमा प्रभार की अदायगी करेगी।

9. सरकार इस बात का सुनिश्चय करेगी कि जब कभी भी जरूरत हो हस्पताल में उपचार और दाखले की तत्काल सुविधा मिले और आवश्यक परिवहन भी निरन्तर सुलभ हो जो बुलाने पर फौरन आ जाये।

III. कर्मचारी :

साइट्स सचिवालय को, समझौता-ज्ञापन के अनुबंध–II में सूचीबद्ध अंतर्राष्ट्रीय स्टाफ की नई दिल्ली में जरूरत होगी और सरकार यथा-वश्यकता उसकी व्यवस्था करेगी।

2. सरकार, एक सम्पर्क अधिकारी नियुक्त करेगी, जो कि "समझौता ज्ञापन" के अनुसार प्रशासनिक तथा कार्मिक प्रबन्ध करने के लिये, साइट्स के परामर्श से काम करेगा।

3. सरकार, साइट्स के परामर्श से अपने खर्च पर और अपने प्रशा-सनिक नियंत्रणाधीन, समझौता-ज्ञापन के अनुबंध-II में सूचीबद्ध स्थानीय कर्मचारियों की व्यवस्था करेगी जो कि निम्नलिखित कार्य करेंगे :—

(क) बैठक के संबंध में आवश्यक दस्तावेजों की प्रतिलिपि तैयार करना और बांटना

(ख) मोंट ब्लैक में साइट्स स्टाफ के स्थान पर टाइपिस्टों, क्लर्कों, संदेश-वाहकों, सुरक्षा गार्डों, स्टोर कीपरों और सम्मेलन कक्ष कार्मिकों के तौर पर काम करना; और

(ग) बैठक के सिलसिले में उपलब्ध किये गये उपकरण और परि-सर की अभिरक्षात्मक और अनुरक्षात्मक सेवाओं के लिये जैसे आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था करना।

4. उपर्युक्त स्थानीय कर्मचारी, "यूनेप" के कार्यकारी निदेशक के सामान्य पर्यवेक्षण के अन्तर्गत कार्य करेंगे और उनकी सेवायें बैठक से पहले और बाद यथावश्यकता उपलब्ध रहेंगी।

IV. परिवहन तथा निर्वाह

1. बैठक के लिये यात्रा, जहां तक संभव हो, उनके संबंधित ड्यूटी स्टेशनों से नई दिल्ली और नई दिल्ली से वापसी हवाई सैर के लिए लिये जाने वाले किराये के आधार पर होगी। यदि अंतर्राष्ट्रीय स्टाफ का कोई सदस्य किसी लम्बे मार्ग से अपने ड्यूटी स्टेशन पर जाना चाहे तो वह ऐसा कर सकता है। बशर्ते हवाई सैर के लिये लिये जाने वाले ऐसे किराये सीधी वाणिज्यिक उड़ान की लागत से अधिक व्यय को वह स्वयं वहन करे।

2. यू० एन० ई० पी० के कार्यकारी निदेशक तथा बैठक के कर्म-चारी वर्ग के प्रयोग के लिये परिवहन की व्यवस्था सरकार अपने खर्च पर करेगी। सरकार "साइट्स" कर्मचारी वर्ग के दिल्ली पहुंचने पर दिल्ली हवाई अड्डे से उन्हें उनके होटलों तक पहुंचाने और वापसी के समय उन्हें उनके होटलों से हवाई अड्डे तक पहुंचाने के लिये जो अतिरिक्त सुविधायें चाहिए होंगी, वह भी मुफ्त प्रदान करेगी। सरकार सम्मेलन के लिये उपस्करों तथा सामग्री के हवाई अड्डे (अथवा बन्दरगाह) से बैठक के स्थान तथा वापसी के लिये भी परिवहन की व्यवस्था करेगी।

3. बैठक के दौरान प्रतिनिधि मंडलों को सचिवालय, प्रेस तथा इस बैठक में भाग लेने वाले दूसरे लोगों की सहायता के लिये और होटल आदि के आरक्षण के लिये भी सरकार सुविधायें उपलब्ध कराएगी। ये सभी सुविधायें बैठक में भाग लेने वालों के खर्च पर उपलब्ध करायी जाएंगी और इसका हिसाब बैठक में भाग लेने वालों द्वारा होटल प्राधिकारियों तथा अन्य संबंधितों से सीधे ही तय किया जाएगा। इस बारे में सरकार किसी प्रकार के उत्तरदायित्व अथवा देयता को स्वीकार नहीं करेगी।

4. निकटस्थ अन्य पशु विहार की संगठित यात्रा के लिये यदि कोई खर्च होगा तो उसे अतिथेय सरकार वहन करेगी।

V. विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियां

1. संयुक्त राष्ट्र तथा उसके विशिष्ट अभिकरणों के विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियों पर अभिसमय इस बैठक पर भी लागू होगा। तदनुसार राज्यों, संयुक्त राष्ट्र, उसके विशिष्ट अभिकरणों और अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रतिनिधि, इस बैठक के लिये काम करने वाले संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी और उपर्युक्त पैरा I(ग) में उल्लिखित निकाय अथवा एजेंसियों उक्त विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों का लाभ उठाएंगी।

2. बैठक में भाग लेने वाले विशिष्ट अधिभकरणों के प्रेक्षक, विशेषज्ञ एजेंसियों के विशेषाधिकार और उन्मुक्तियों पर अभिसमय के अनुच्छेद VI और VIII के अन्तर्गत उपलब्ध विशेषाधिकार और उन्मुक्तियां इन्हें भी प्राप्त होंगी। बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रेक्षक, अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों पर करार के अनुच्छेद VI और IX के अन्तर्गत उपलब्ध विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियां प्राप्त होंगी। बैठक में प्रेक्षकों के रूप में आमंत्रित किये गये अन्य अन्तर सरकारी तथा गैर-सरकारी संगठनों के प्रेक्षक, संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियों पर अभिसमय के अनुच्छेद V के अन्तर्गत उपलब्ध विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियां इन्हें प्राप्त होंगी।

3. संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकारों तथा उन्मुक्तियों के अभिसमय पर बिना कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले इस बैठक में संबंधित काम करने वाले सभी व्यक्ति, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों, विदेशी सूचना माध्यम के प्रतिनिधियों सहित "साइट्स" सचिवालय द्वारा बैठक में आमन्त्रित अन्य व्यक्तियों को जिन्हें ऐसा करने के लिये विधिवत् प्रत्यायित किया गया हो, बैठक के सिलसिले में बोले तथा लिखे गये शब्दों और अपनी आधिकारिक क्षमता में किये गये सभी कार्यों के लिये कानूनी प्रक्रिया से उन्मुक्ति मिलेगी।

4. सरकार इस बात का सुनिश्चय करेगी कि बैठक में भाग लेने के लिये हकदार ऐसे किसी व्यक्ति और समाचार अथवा रेडियो टेलीविजन, सिनेमा अथवा सरकार के परामर्श से "साइट्स" सचिवालय द्वारा प्रत्या-यित अन्य अभिकरणों के प्रतिनिधियों तथा "साइट्स" सचिवालय द्वारा इस बैठक में भाग लेने के लिये आधिकारिक रूप से आमंत्रित अन्य व्यक्तियों के बैठक के स्थान के लिये और वहां से जाने के लिये किसी प्रकार की रुकावट खड़ी नहीं की जाएगी।

5. इस खण्ड में उल्लिखित सभी व्यक्तियों को सरकार द्वारा स्था-नीय रूप से भर्ती किये गये कर्मचारियों को छोड़कर, भारत में प्रवेश करने और यहां से बाहर जाने का अधिकार होगा। उनकी शीघ्र यात्रा के लिये पर्याप्त सुविधायें प्रदान की जाएंगी, जहां वीजा अपेक्षित होगा, वहां यथा शीघ्र मुफ्त वीजा दिया जाएगा और जिन मामलों में आवेदन पत्र बैठक शुरू होने के कम से कम छह सप्ताह पूर्व दिये जायेंगे, उनमें बैठक की तारीख से दो सप्ताह पूर्व तक वीजा उपलब्ध कर दिये जायेंगे। यदि वीजा के लिये आवेदन पत्र बैठक शुरू होने के छह सप्ताह पूर्व नहीं किया गया होगा तो वीजा आवेदन प्राप्त होने से तीन दिन के अन्दर-अन्दर वीजा दे दिया जाएगा। निष्क्रमण परमिट, जहां अपेक्षित होंगे, यथाशीघ्र मुफ्त प्रदान किये जायेंगे और किसी भी हालत में बैठक समाप्त होने से तीन दिन पूर्व के बाद नहीं।

6. इसके अतिरिक्त, इस बैठक में भाग लेने वाले और बैठक के सिलसिले में काम करने वाले सभी व्यक्तियों को ऐसी सुविधाओ तथा शिष्टाचारो का लाभ प्राप्त होगा जो बैठक, के सिलसिले में उनके स्वतत्र रूप से काम करने के लिये आवश्यक होगे।

7 बैठक के दौरान और बैठक के प्रारम्भिक तथा अन्तिम चरणो मे भी अनुच्छेद II में उल्लिखित भवनो को तथा स्थानो को "साइट्स" सचिवालय समझा जाएगा; ये परिसर और इनमें प्रवेश साइट्स सचिवालय के प्राधिकार तथा नियत्रण के अन्तर्गत होगा।

8. सरकार, बैठक के लिये आवश्यक सभी प्रकार के उपस्करों तथा सामान के आयात की अनुमति देगी जिसमें सम्मेलन की प्राधिकारिक आवश्यकताओ तथा मनोरजन कार्यक्रम के लिये आवश्यक सामान भी शामिल हैं, और आयात शुल्क तथा देय अन्य शुल्क और करो की अदायगी से छूट प्रदान करेगी। सरकार "साइट्स" सचिवालय को आवश्यक आयात तथा निर्यात परमिट अविलंब जारी करेगी।

VI पुलिस सुरक्षा

सरकार अपने खर्च पर बैठक के शातिपूर्ण तथा सुव्यवस्थित सचालन के सुनिश्चय के लिये यथा आवश्यक पुलिस सुरक्षा प्रदान करेगी। यद्यपि ये पुलिस सेवायें सरकार द्वारा उपलब्ध किये गये माध्यम वरिष्ठ रैंक के अधिकारी के सीधे नियंत्रण मे होगी परन्तु यह अधिकारी "साइट्सन" सचिवालय के उत्तरदायी अधिकारी के कनिष्ठ सहयोग से काम करेगा जिससे सुरक्षा और शांतिपूर्ण वातावरण का सुनिश्चय हो सके।

VII. दायित्व

1 सरकार सीधे रूप स अथवा समुचित बीमे द्वारा "साइट्स" सचिवालय अथवा उसके कार्मिको के विरुद्ध निम्नलिखित के कारण होने वाली किसी कार्रवाई, दावो अथवा अन्य मांगो के प्रति उत्तरदायी होगी.

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद II तथा सलग्न समझौता-ज्ञापन के अनुबन्ध II मे उल्लिखित क्षेत्र मे किसी व्यक्ति अथवा सम्पत्ति को होने वाली हानि।

(ख) उपर्युक्त अनुच्छेद IV के पैराग्राफ 2 मे उल्लिखित परिवहन सेवाओ द्वारा अथवा उनके प्रयोग से किसी व्यक्ति अथवा सम्पत्ति को होने वाली हानि।

(ग) उपर्युक्त अनुच्छेद III पैरा 2 और 3 तथा समझौता ज्ञापन के अनुलग्नक--II मे उल्लिखित कार्मिको की बैठक के लिये नियोजन।

2. सरकार "साइट्स' सचिवालय और इसके कार्मिको को ऐसी कार्रवाइयो, दावो अथवा दूसरी मांगो के संबध में जिम्मेदार नहीं ठहराएगी, सिवाए उस सूरत के जबकि इसके सविदाकारी पक्षो के बीच इस बारे मे सहमति हो जाए कि नुकसान अथवा क्षति "साइट्स" सचिवालय के कार्मिक की ओर लापरवाही अथवा जानबूझ कर किये गए अविचार के कारण हुई है और ऐसे मामलो मे इस बात का निश्चय करने के लिये कदम उठाए जाएंगे कि इसका सिविल दायित्व किस पक्ष पर है।

अगर ऐसी कोई कार्रवाई, दावा अथवा दूसरे प्रकार की मांगें किन्हीं मजबूरी की परिस्थितियो में हुई हैं तो उनके दायित्वो से सरकार और "साइट्स" सचिवालय मुक्त होगे।

3 उपर्युक्त पैरा 1 और 2 मे जो कुछ कहा गया है उसके बावजूद सरकार और "साइट्स" सचिवालय ऐसी किन्ही कार्रवाइयो, दावो अथवा अन्य मांगो के कारण बाद में, दूरस्थ अप्रत्यक्ष नीतियों के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

सी० आर० शारेखां, संयुक्त सचिव (यू एन)

अधिसूचना का परिशिष्ट

संयुक्त राज्य आंतरिक प्रभाग

वाशिंगटन, डी० सी०, दिनांक 5 जनवरी 1981

उत्तर देते समय एफ० डब्ल्यू० एस०/डब्ल्यू० पी० ओ० का उल्लेख करें।

श्री समर सिंह
सयुक्त सचिव (एफ० एण्ड डब्ल्यू० एल०)
भारत सरकार,
कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय,
(कृषि विभाग),
नई दिल्ली, भारत 110001

विषय :—भारत सरकार और वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियो के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय (साइट्स) के पक्षकारो के सम्मेलन की तीसरी बैठक (भारत) नई दिल्ली में 25 फरवरी से 8 मार्च, 1981 तक के बारे में समझौता-ज्ञापन

महाभाग्य,

हमारे अभिसमय के महासचिव को कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय के निदेशक श्री सी० एस० रगाचारी के 28 जनवरी, 1980 के पत्र स० 18018/1/79 फैन का उल्लेख करते हुए जिसमें भारत सरकार द्वारा उपर्युक्त बैठक अपने यहां करने का सिद्धान्तत. अनुमोदन दिया गया है। मैं इस निमंत्रण के लिये आपकी सरकार का धन्यवाद करता हू और पक्षकारो के सम्मेलन की ओर से इसे सहर्ष स्वीकार करता हू।

1 बैठक का स्वरूप और विषय-विस्तार

यह बैठक 3 मार्च, 1973 को वाशिंगटन डी० सी० मे स्वीकृत वन्य प्राणी एव वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियो के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय के बारे मे अभिसमय के अनुच्छेद XI के अनुसरण में (साइट्स) के पक्षकारो के सम्मेलन की नियमित बैठक के रूप में आयोजित की जाती है।

जैसा कि इसके साथ सलग्न अनतिम कार्यसूची (डाक 3 1) में बताया गया है कि इस बैठक का उद्देश्य इस अभिसमय के कार्यान्वयन की समीक्षा करना और भविष्य में इसकी प्रभावोत्पादकता को बढ़ाने के लिये अपेक्षित कार्यवाही करना है।

II. सहभागी

(क) प्रक्रिया विनियमो के संलग्न प्रारूप (डाक 3 2) के अनसार

(क) "साइट्स" पक्षकारो का प्रतिनिधित्व यथोचित रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा किया जायेगा

(ख) संयुक्त राष्ट्र, इसकी विशेषीकृत एजेंसियां और अन्तर्राष्ट्रीय परमाण ऊर्जा एजेंसी, और ऐसा कोई भी राज्य जो इस अभिसमय का पक्षकार नहीं है, अपना प्रतिनिधित्व पर्यवेक्षको द्वारा कर सकता है।

(ग) अनुच्छेद XI के पैरा 7 में विनिर्दिष्ट वर्गों के वन्य प्राणी एवं वनस्पति के संरक्षण, रक्षण और व्यवस्था में तकनीकी रूप से अर्हता प्राप्त निकाय और एजेंसियां भी अपना प्रतिनिधित्व पर्यवेक्षको द्वारा कर सकती हैं।

आशा की जाती है कि इसमें विदेशी भागीदारो की कुल संख्या 250 होगी जिसमें प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक और सम्मेलन सचिवालय के सदस्य भी शामिल होगे।

III बैठक का स्थान और तारीख

यह बैठक 25 फरवरी से 8 मार्च, 1981 तक नई दिल्ली (भारत) स्थित विज्ञान भवन सम्मेलन केन्द्र में होगी।

IV. बैठक का आयोजन

इस बैठक के व्यावहारिक और तकनीकी आयोजन की जिम्मेवारी अपेक्षाओं के संलग्न विवरण के आधार पर, सक्षम मेजबान प्राधिकारियों और अभिसमय सचिवालय की होगी, लेकिन इस बैठक के सुचारू आयोजन को सुनिश्चय करने के लिये अगर इस समझौता ज्ञापन के पक्षकारों को परस्पर सहमति से कोई समंजन करने पड़ें तो इस समझौता-ज्ञापन के प्रावधान उसमें व्यवधान नहीं बनेंगे।

V. विशेषाधिकार और उन्मुक्तियां

भारत सरकार इस बात का सुनिश्चय करेगी कि इस बैठक में हिस्सा लेने के हकदार किसी भी व्यक्ति को इस क्षेत्र में प्रवेश करने, यहां ठहरने और यहां से जाने के अधिकार पर कोई प्रतिबंध न लगाया जाये।

इस बात का भी सुनिश्चय किया जाएगा कि इस बैठक के लिए आवश्यक दस्तावेजों और उपस्करों को बिना किसी प्रतिबंध और आयात/निर्यात शुल्क के भारत में लाने और ले जाने की अनुमति होगी बशर्ते कि लागू सामान्य कानूनी प्रावधानों और नियमों का पालन किया जाय।

इस बैठक से सम्बद्ध सभी मामलों में भारत की सरकार इस बैठक में भाग लेने वाले सरकारी प्रतिनिधियों और अन्तर्राष्ट्रीय सचिवालय स्टाफ पर संयुक्त राष्ट्र और इसकी विशिष्ट एजेंसियों के विशेषाधिकार और उन्मुक्तियों के बारे में अभिसमय के सम्बद्ध प्रावधानों को, यथावश्यक परिवर्तन सहित, लागू करेगी।

VI. क्षतिपूर्ति के लिये दायित्व

जब तक इस बैठक के लिये आरक्षित परिसर इस अभिसमय सचिवालय के अधिकार में होगा तब तक भारत सरकार इस परिसर की सुविधाओं, इस बैठक के लिय उपलब्ध फर्नीचर और उपस्करों की टूट-फूट का दायित्व वहन करेगी और उसमें उपस्थित व्यक्तियों के साथ अगर कोई दुर्घटना हो जाये तो उसका दायित्व भी वहन करेगी। भारत सरकार उपर्युक्त परिसर, सुविधाओं, फर्नीचर, उपस्करों और व्यक्तियों के संरक्षण को सुनिश्चय करने के लिये, विशेषतया आग और अन्य जोखिमों से बचाने के लिए, वे सभी उपाय करेगी जिसे वह आवश्यक समझती हो। भारत सरकार इस अभिसमय सचिवालय के स्टाफ के सदस्यों अथवा एजेंटों द्वारा व्यक्तियों अथवा सम्पत्ति को पहुंचाये गये नुकसान के लिये क्षतिपूर्ति का दावा कर सकती है।

यदि आप महामान्य को उपर्युक्त प्रावधान स्वीकार्य हैं, और मैं आशा करता हूं कि आप इन्हें स्वीकार करेंगे। मैं आपका आभारी होउंगा, यदि आप इस पत्र की दोनों प्रतियों पर हस्ताक्षर करके एक प्रति मुझे लौटा दें।

इस समझौते पर दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षर हो जाने के बाद यह पत्र भारत सरकार और "साइट्स" के पक्षकारों के सम्मेलन के बीच इस बैठक का समझौता ज्ञापन बन जायेगा।

महामान्य, मेरी परम आदर भावना का आश्वासन स्वीकार करें।

भारत सरकार की ओर से	साइट्स पक्षकार-सम्मेलन की ओर से
दिनांक 15-1-81	05-1-1981
हस्ताक्षर और पदनाम	हस्ताक्षर और पदनाम
हस्ताक्षर—एम० के० दल्वी	हस्ताक्षर—
वन महा निरीक्षक	रिचर्ड एम० पार्सन्स
भारत सरकार	स्थायी समिति के अध्यक्ष
कृषि मंत्रालय	
कृषि एवं सहकारिता विभाग	
कृषि भवन, नई दिल्ली	

संलग्नक, अपेक्षा विवरण

अनुबन्ध : I

वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय।
सम्बद्ध पक्षकारों के सम्मेलन की तीसरी बैठक
नई दिल्ली (भारत), दिनांक 25 फरवरी से 8 मार्च, 1981

अपेक्षाओं का विवरण

(जब तक आगे अन्यथा उल्लिखित न हो, ये सुविधाएं आतिथेय देश द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी)

स्थान और उपस्कर:

एक मुख्य सभा-कक्ष: कुल 250 व्यक्तियों के लिए, जिसमें काम के लायक मेजें, अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश में साथ-साथ अनुवाद के लिए हैडफोन और माइक्रोफोन (बूथ सभा कक्ष के पीछे अथवा विकल्प स्वरूप पाद-पीठ के पीछे होने चाहिए) लगे हों।

दो छोटे सभा कक्ष: क्रमश: लगभग 80 और 30 व्यक्तियों के लिए।

टेलीफोन की सुविधा से युक्त दस सचिवालय कक्ष: स्थायी समिति, ड्राफ्टिंग समितियों, महासचिव, अभिसमय सचिव, अनुवादकों, दुभाषियों, विश्राम कक्ष और अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश टाइपिंग पूल के लिये जिनमें निम्नलिखित उपकरण सुलभ हों:—

10. इलैक्ट्रिक टाइपराइटर (एक ही तरह के टाइप और गोल्फ बाल वाले)।

1-2 हस्तचालित टाइपराइटर

2 आई० बी० एम० स्वचालित टाइपराइटर (आई० बी० एम०-एम० सी०-82)

टाइप करने के लिये 10 मेज और कुर्सियाँ

एक बड़ा कमरा प्रतियां आदि तैयार करने वाली मशीनों के लिए और कागजात प्राप्त करने के लिये जिसमें निम्नलिखित उपकरण उपलब्ध हों:

1 फोटोकापियर (आई० बी० एम०-2 अथवा समकक्ष प्रकार का)

1 डुप्लीकेटर या आफसेट लिथोग्राफिक उपस्कर

1 इलैक्ट्रोनिक स्टैंसिल मशीन

1 इलैक्ट्रोनिक कोलेटर (एक बार में 6 शीट के लिये)

1 इलैक्ट्रिक स्टेप्लर (एक बार में 30 पृष्ठों के लिये)

कई विस्तार तारें।

स्वागत योग्य एक स्थान 200-300 व्यक्तियों के लिये—जिसमें खाने वाले रैकों की व्यवस्था हो (संभव हो तो, खाने लम्बे आयताकार हों) और जिसमें बड़ी मेज या स्वागत डैस्क हो और उसमें दराजें भी हों।

2 ऐसे नोटिस बोर्ड जिन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है।

इनके अतिरिक्त निम्नलिखित सुविधायें भी उपलब्ध की जा सकें तो अच्छा होगा:

एक प्रैस कक्ष जिसमें टेलीविजन और रेडियो साक्षात्कार की सुविधा सहित सामान्य प्रैस सुविधायें और कुछ डैस्क, कुर्सियां और टलीफोन हों।

एक कक्ष जिसमें फिल्में और स्लाइडें दिखाने की सुविधा हो
एक सिनेमा प्रोजेक्टर (16 मि० मी०) जिसके साथ 35 मि० मी० की रंगीन स्लाइडों के लिये, ध्वनि प्रोजेक्टर भी हो।

एक लॉज जिसमें प्रकाशनों की प्रदर्शनी के लिये कमरा हो और जिसमें प्रदर्शनी के योग्य बुक स्टैंड हों।

लेखन सामग्री: (जिसकी मात्रा पारस्परिक सहमति से निश्चित की जाएगी)।

बांड पेपर (सादा सफेद कागज ए4, 80 ग्रा०)
लिखने के लिये ब्लाक
खानों के लिये लेबल, स्वयं चिपकने वाले (तीन रंग के)
पेंसिलें
पैड
मैनुअल स्टेप्लर
पंच (ए 4 कागज के लिये दो छेद वाला)
पेपर क्लिप
कार्बन पेपर
बड़े लिफाफे (ए4 आकार के)
प्लास्टिक बैग
रबड़ मिटाने वाला (साधारण और टाइपराइटर)
टाइप करने वालों के लिये तरल टिपेक्स कोरेक्टर पेस्ट
प्लास्टिक के पारदर्शी फोल्डर (छेद वाले और बिना छेद वाले)
गोंद
हिंज बैक बाइंडर (2 छेद वाले ए 4)
रिंग बाइंडर (2 छेद वाले ए4)
अनुवादकों के लिये उपयुक्त शब्द-कोष (इंग्लिश/फ्रैंच/और फ्रैंच/इंग्लिश, स्पेनिश)

अनुबन्ध—II

सचिवालय :

लिपिकीय स्टाफ (2 टाइपिस्ट इंगलिश, फ्रैंच और स्पेनिश)
तकनीशियन (साथ-साथ अनुवाद और हो सके तो फिल्म उपस्कर)
डुप्लीकेटर और फोटोकापियर के लिये मशीन चालक*

अतिरिक्त सहायक स्टाफ (प्रवेशक, संदेशवाहक, प्रलेख प्राप्त करने और वितरण करने के लिये स्टाफ)

दुभाषिए और अनुवादक :

अधिसमय सचिवालय को इंगलिश, फ्रैंच और स्पेनिश के लिए दुभाषियों और सम्मेलन में तैयार किये गये प्रलेखों, जैसे मसौदा संकल्प के इंगलिश, फ्रैंच और स्पेनिश अनुवाद के लिये अनुवादकों की व्यवस्था करनी होगी (प्रत्येक भाषा के लिये एक-एक)

स्वागती :

हवाई अड्डे पर स्वागत कर्मचारी जो इसमें भाग लेने के लिये सामान के साथ आने वाले व्यक्तियों की सहायता करें और होटलों तक पहुंचायें (अंग्रेजी और फ्रेंच भाषी), सम्मेलन केन्द्र पर स्थानीय सूचना, माला, होटल रजिस्ट्रेशन और यात्रा प्रबंध के लिये (इंगलिश और फ्रैंच भाषी)

सम्मेलन केन्द्र पर सेवायें :

सम्मेलन स्थल पर जाने और वहां से लाने के लिये परिवहन की सुविधा (निशुल्क) मुद्रा विनिमय, डाक, टलीफोन, काफी बार/कैफीटेरिया और प्राथमिक चिकित्सा/दवा की सुविधा (भाग लेने वालों के खर्च पर)

आतिथ्य और भ्रमण :

इसकी व्यवस्था आतिथेय सरकार द्वारा की जायेगी और इसमें निकटतम वन्य पशु विहार की व्यवस्थित यात्रा भी शामिल है।

*इनमें से कुछ को रात की पारी में भी आना पड़ सकता है।

उद्योग मंत्रालय

औद्योगिक विकास विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 11 मार्च 1981

सं. 7(15)/71-आई. सी./आर. डी.—केन्द्र सरकार एतद्द्वारा भारत सरकार के भूतपूर्व औद्योगिक विकास मंत्रालय की अधिसूचना सं. एफ-7(15)/71-आई. सी., दिनांक 28 अगस्त, 1971, जैसा कि उसमें समय-समय पर संशोधन किया गया है, में निम्नलिखित अग्रेतर संशोधन करती है :—

विद्यमान अनुच्छेद 4 (ज) के पश्चात् निम्नलिखित को उप-अनुच्छेद के रूप में सम्मिलित किया जाए .—

"इसके अतिरिक्त असम, मेघालय, नागालैण्ड, मणिपुर, त्रिपुरा राज्य एवं अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम केन्द्रशासित क्षेत्रों सहित उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विद्यमान चुने हुए जिलों/क्षेत्रों में 1-3-1981 को अथवा इसके पश्चात् स्थापित किए जाने वाले औद्योगिक एककों को की जाने वाली राजसहायता कुल अचल पूंजी निवेश के अलावा वास्तव में किए गए अतिरिक्त कुल अचल पूंजी निवेश के 20 प्रतिशत तक, किन्तु अधिकतम 20 लाख लाख रु. की राशि तक जैसी भी दशा हो, सीमित रहेगी।"

आर. श्रीनिवासन
संयुक्त सचिव

कृषि मंत्रालय

(खाद्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 18 फरवरी 1981

सं० ए०–19012/1/81–स्था०–I—सचिव, कृषि मंत्रालय, खाद्य विभाग, श्री लल्लन दास, पी० आर० ए० को 21 जनवरी, 1981 के पूर्वाह्न से, अगले आदेश होने तक, खाद्य विभाग में 550–25–750–द० रो०–30–900 रुपये के वेतनमान में तकनीकी समन्वय अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करते हैं।

2. श्री लल्लन दास, पी० आर० ए० को उसी तारीख से इस विभाग के राइस मिलिंग सल में तकनीकी समन्वय अधिकारी के पद पर तैनात किया जाता है।

स्वतंत्र सिंह, अवर सचिव

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1981

संकल्प

सं० हिन्दी/समिति/80/40/1—रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के दिनांक 16–4–1980 के संकल्प सं० हिन्दी/समिति/80/40/1 के क्रम में यह निश्चय किया गया है कि रेलवे हिन्दी शब्दावली समिति के वर्तमान सदस्य डा० कृष्ण बिहारी मिश्र कलकत्ता विश्वविद्यालय, कलकत्ता के स्थान पर डा० लक्ष्मी नारायण लाल, 8/17 ईस्ट पटेल नगर, नयी दिल्ली-110008, को उक्त समिति में गैर-सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत किया जाय।

इस समिति में डा० लक्ष्मी नारायण लाल की सदस्यता के संबंध में वे सब शर्तें लागू होंगी जो 16–4–1980 के उपर्युक्त संकल्प में उल्लिखित हैं।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेज दी जायें।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की सूचना के लिये यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय।

हिम्मत सिंह सचिव, रेलवे बोर्ड
एवं भारत सरकार के पदेन संयुक्त सचिव

CABINET SECRETARIAT

RESOLUTION

New Delhi, the 12th March 1981

F. No. 64/1/1/80-Cab.—Energy is an essential requirement for development. In recent years, there has been a significant and continuing increase in the price of oil and also uncertainties about its availability on a guaranteed and steady basis. Apart from the impact this development has on the balance of payments position, it has serious effects on many facets of the economy such as the transport, industry, agricultural and household sectors. It is, therefore, essential that the nation pledge itself to achieve energy self-sufficiency as soon as possible. In this context, it is vitally important to develop all the indigenous sources of energy in India. A major effort is needed to expand energy supply from the conventional sources; hydro, coal and nuclear energy as also to expand domestic oil production. Apart from these, new and renewable energy sources like solar, wind and biomass are of particular interest for supplying the energy needs of the decentralised and rural sectors, as well as several potential industrial uses. A considerable base of Research and Development for harnessing these energy sources has also been established under the programmes of the Department of Science and Technology. The time is now ripe to initiate a major and sustained effort for rapid development of these renewable energy sources his requires intensification of the R & D efforts for developing technologies in this field as well as conscious steps for commercial exploitation of the technologies already developed or being developed.

2. It is also necessary to have institutional arrangements for a well-coordinated approach in the area of new and renewable sources of energy in order to accelerate the pace towards achieving the goal of energy self-sufficiency. The Government of India, therefore, consider it necessary to set up a mechanism, free from all non-essential restrictions and needlessly inelastic rules, which will have responsibility in the entire field of development of new and renewable energy sources.

3. After careful consideration, the Government of India have decided to establish a Commission for Additional Sources of Energy (CASE) with full executive and financial power.

4. *Constitution* :

(a) The Commission for Additional Sources of Energy shall consist of full time and/or part time members. The total number of members shall not be less than four but not more than seven.

(b) The Chairman of the Commission will be the Secretary to the Government of India in the Department of Science and Technology.

